# गोद लेने पर विचार करना

## गोद लेना क्या है?

- बच्चों को एक सुरक्षित और स्थिर घर चाहिए। उन्हें माता-पिता की जरूरत होती है ताकि वे उन्हें प्यार भरा और पालन पोषण का वातावरण दे सकें। गोद लेने की सेवा का उद्देश्य उन बच्चों के लिए स्थायी और अनुकूल घर ढूंढना है जिनके माता-पिता उनकी देखभाल करने में असमर्थ हैं या तैयार नहीं हैं।
- गोद लेने वाले व्यक्ति के लिए गोद लेना एक जीवन भर की प्रतिबद्धता है। बच्चों का सर्वोत्तम हित हमारा सर्वोपरि विचार है।

## कौन से बच्चे गोद लेने के पात्र हैं?

- एक बच्चा जो अडॉप्शन आर्डिनेंस* के तहत गोद लेने के आदेश के अनुसार अपनाया जा सकता है वह 18 साल से कम उम्र का बच्चा है और उसकी शादी नहीं हुई है।
- असल में, उन बच्चों को गोद लेने की आवश्कता हो सकती है, जो अलग-अलग परिस्थितियों के कारण अपने जन्म के परिवारों में नहीं रह सकते हैं जैसे कि उनका त्याग किया गया है या जिनके माता-पिता ने उनके ऊपर अपने माता-पिता के अधिकारों का परित्याग किया है। इन बच्चों की परिवारिक पृष्ठभूमि जटिल हो सकती है। उनको पारिवारिक जीवन का आनंद लेने और प्यार और स्थिर वातावरण में बड़े होने की समान ज़रूरत है।गोद लेने के लिए उपलब्ध बच्चों की जानकारी के लिए, कृपया समाज कल्याण विभाग की वेबसाइट देखें-

https://www.swd.gov.hk/en/pubsvc/family/cat_childcareservice/adoptionse/index.html.

## गोद लेने के लिए आवेदन करने से पहले क्या विचार करें?

गोद लेना एक जीवन भर की प्रतिबद्धता है, जो गोद लेने वाले माता-पिता को अपने परिवार को बढ़ाने की ख़ुशी देता है और उन बच्चों के पालन पोषण की अनुमति देता है जिन्हें सुरक्षित घर की तलाश है। गोद लेने के लिए आगे बढ़ने से पहले यहां दिए गए कुछ तथ्यों पर विचार करने की ज़रूरत है:

- क्या आप 25 वर्ष के हैं और, यदि आप विवाहित हैं; तो क्या अडॉप्शन अर्डिनेंस की आवश्कता के अनुसार आपका जीवनसाथी 21 वर्ष का है? क्या आपके अपने जीवनसाथी के साथ स्थिर संबंध हैं (कम से कम तीन साल से शादीशुदा हैं)?
- क्या आप बच्चे को गोद लेने और पालने के लिए जीवन भर प्रतिबद्धता निभाने के लिए तैयार हैं?
- क्या बच्चे के स्वतंत्र होने तक बच्चे की देखभाल करने के लिए आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ हैं?
- क्या आप विभिन्न विकास चरणों के दौरान एक बच्चे का मार्गदर्शन करने और सहायता प्रदान करने के लिए यथोचित शिक्षित हैं, अधिमानतः माध्यमिक शिक्षा पूरी कर ली है?
- क्या वित्तीय पर्याप्तता के साथ आपका रोजगार स्थिर है और एक बच्चे के लिए स्थिर आवास प्रदान करने में सक्षम हैं?
- क्या आपने सामाजिक वातावरण और सामुदायिक संसाधनों से परिचित होने के लिए 12 महीने या उससे अधिक समय तक हांगकांग में निवास किया है, और क्या आप गोद लेने की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए 12 महीने या उससे अधिक की लगातार अवधि के लिए रह सकते हैं?

## कौन गोद लेने की व्यवस्था कर सकता है और गोद लेने के लिए एक बच्चा दे सकता है?

- अडॉप्शन अर्डिनेंस के अनुसार, केवल (a) समाज कल्याण के निर्देशक (b) एक प्रत्यापत निकाय जो विधिवत अपने प्रत्यापन के अनुसार काम कर रही है; या (c) न्यायालय के आदेश के अनुसार कार्य करने वाला व्यक्ति असंबंधित गोद लेने और बच्चा गोद लेने की व्यवस्था के आवेदनों पर काम कर सकता है।
- ऊपर बताए गए लोगों के अलावा कोई भी व्यक्ति किसी बच्चे को गोद लेने की व्यवस्था नहीं करेगा या असंबंधित व्यक्ति द्वारा गोद लेने के लिए कोई बच्चा नहीं देगा। एक व्यक्ति जो संबंधित प्रावधानों का उल्लंघन करता है, वह दोषी होगा और जुर्माना और कारावास के लिए उत्तरदायी होगा।

## गोद लेने के लिए आवेदन करने की प्रक्रियाएँ क्या हैं?

1. आवेदकों को अडॉप्शन ब्रीफिंग सत्र में भाग लेने के लिए पंजीकरण के लिए समाज कल्याण विभाग के अडॉप्शन यूनिट से संपर्क करना होगा।
2. आवेदकों को गोद लेने वाले माता-पिता बनने के लिए उनकी उपयुक्तता का आकलन करने के लिए पूर्ण रुप से घर अध्ययन से गुजरना पड़ेगा। आकलन कई व्यापक क्षेत्रों को सम्मिलित करता है जिसमें आवेदक का व्यक्तित्व, रुचियों, प्रारंभिक जीवन अनुभव, अनुकूलता संबंधी क्षमताएं, वैवाहिक स्थिरता, अभिभावक दृष्टिकोण और योग्यताएं, गोद लेने के लिए प्रेरणा, गोद लेने वाले बच्चों की विकासात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने की क्षमता आदि आामिल हैं लेकिन इस तक सीमित नहीं है।
3. आवेदकों को दो गोद लेने संबंधी प्रशिक्षण कार्यशालाओं में भाग लेना है और घर पर अध्ययन पूरा होने से पहले चिकित्सा परीक्षा और एक अनिवार्य आपराधिक रिकॉर्ड की जांच से गुजरना होता है।
4. आवेदकों को प्रस्तावित मिलान के लिए धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा करने की आवश्यकता हो सकती है।

आवेदकों को अडॉप्शन अर्डिनेंस के अनुसार कानूनी कार्यवाही से गुजरना होगा। न्यायालय यह सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक आवेदन की जांच करेगा कि गोद लेने का आदेश दिए जाने से पहले गोद लेना बच्चे के सर्वोत्तम हित में है।

## शुल्क लेना

- समाज कल्याण विभाग के अडॉप्शन यूनिट द्वारा आयोजित घर अध्ययन नि: शुल्क है।
- गोद लेने के आवेदन में गोद लेने वाले बच्चे के अभिभावक के रूप में समाज कल्याण के निर्देशक को नियुक्त करने के मामलों में हर बच्चे के लिए HK $4,670** का भुगतान लिया जाएगा।

## **सेवा** छोड़ना

निम्नलिखित के होने पर आवेदक गोद लेने की सेवा नहीं ले पाएंगे:

- गोद लेने की सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को पूरा कर लिया है, जिसमें गोद लेने का आदेश प्राप्त करना शामिल है और अडॉप्शन यूनिट से कोई अन्य सेवा की आवश्यकता नहीं है, या
- गोद लेने की कार्यवाही को समाप्त करने का निर्णय लेते हैं, या
- गोद लेने के योग्य नहीं पाए जाते हैं।

यदि आप बच्चों को गोद लेने में रुचि रखते हैं, तो कृपया समाज कल्याण विभाग अडॉप्शन यूनिट से संपर्क करें:

फोन : 3595 1935

फैक्स : 3595 0025

ई-मेल : auenq@swd.gov.hk

पोस्टल: Adoption Unit, Social Welfare Department, Room 201, 2/F., North Point Government Offices, 333 Java Road, North Point, Hong Kong

* एच के एस ए आर में गोद लेने की क्रिया अडॉप्शन आर्डिनेंस, कैप 290 के अनुसार प्रभावी होनी चाहिए।

** भुगतान नियमित संशोधन के अधीन होगा

2026